# परीक्षा विभाग

## शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 3120 /परीक्षा/2025 दिनांक : 03.05.2025

## महत्वपूर्ण आवश्यक सूचना : सेमेस्टर मुख्य परीक्षा मई-जून 2025

**बी.एस-सी./बीसीए षष्ठम सेमेस्टर, मुख्य परीक्षा, मई-जून 2025 के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन-पत्र भरने हेतु**

सत्र 2024-25 हेतु जारी किये गये अकादमिक केलेण्डर के अनुसार उपर्युक्त कक्षाओं की सेमेस्टर मुख्य परीक्षाएँ मई 2025 में प्रस्तावित हैं। अतः उपरोक्त कक्षाओं के समस्त विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.collegeholkar.org पर स्वयं की **Profile** पर जाकर दिये गये निर्देशों का सूक्ष्म अवलोकन करें एवं निर्देशों का पूर्णतया पालन करें। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को चार भागों में विभाजित किया गया है। इन चारों भागों को पूर्ण रूप से भरें तत्पश्चात् **Profile** पर विद्यार्थी का प्रवेश पत्र एवं फीस रसीद प्रदर्शित होगी।

1. जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों को पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का स्टेट्स **(Status)** स्वयं **Profile** पर निर्धारित स्थान पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा।
2. ऐसे समस्त विद्यार्थी जो जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना में नहीं आते हैं एवं उन्होंने पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का पूर्ण शुल्क जमा किया है, उनकी समस्त शुल्क रसीद एवं विद्यार्थी का प्रवेश पत्र **(Admit Card)** स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होगा।
3. ऐसे समस्त विद्यार्थी जो जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना में नहीं आते हैं एवं उन्होंने पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का पूर्ण शुल्क जमा नहीं किया है, तो उन्हें स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित शेष शुल्क ऑनलाइन **Paytm** के माध्यम से जमा करने के पश्चात् ही उनकी समस्त शुल्क रसीद एवं विद्यार्थी का प्रवेश पत्र **(Admit Card)** स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होगा।

बी.एस-सी./बीसीए षष्ठम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त कक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम तिथि 08.05.2025 तक बिना विलम्ब के साथ निर्धारित की गई है। संबंधित विद्यार्थी निर्धारित दिनांक तक परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरने वाले विद्यार्थियों को मुख्य सैद्धांतिक परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी। निर्धारित दिनांक के पश्चात् प्रथम सप्ताह तक रूपये 250/-, द्वितीय सप्ताह तक रूपये 500/- विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे।

**परीक्षा आवेदन पत्र से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए यशवंत हॉल में स्थापित आई.टी. सेल पर संपर्क करें।**

विद्यार्थी स्वयं की **Profile** पर जाकर परीक्षा आवेदन पत्र की स्थिति **(Status - Approved or Rejected)** का अवलोकन करें। यदि विद्यार्थी का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त **(Reject)** होता है तो महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में अनिवार्य रूप से तत्काल संपर्क करें।

नोटः-
1. समस्त विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् अपनी स्वयं की **Profile** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
2. विद्यार्थी स्वयं की **Profile** पर जाकर **Paytm** के माध्यम से ही शेष शुल्क जमा करें। **SBI Collect** के माध्यम से जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।
3. शेष शुल्क भरने के पश्चात् जिन विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र **(Admit Card)** नहीं दिख रहे हैं वे परीक्षा विभाग की **IT Cell** पर तुरन्त संपर्क करें।

| परीक्षा नियंत्रक | प्रशासनिक अधिकारी | प्राचार्य |
|---|---|---|
| होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर | होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर | होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर |

*महाविद्यालय के हरित पहल के लिए किये जाने वाले नवाचार (कागज एवं पेड़ की बचत) के अन्तर्गत समस्त परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन ही लिये जावेंगे*